मंत्री बने प्रांतपाल

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 का 7 वा वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन ज्योतिर्मय मांगरोप रोड स्थित होटल ग्लोरिया इन भीलवाड़ा के सभागार में संपन्न हुआ। अधिवेशन प्रांतपाल लायन डॉ संजीव जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । एडिशनल डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय स्लोगन नया सवेरा नई उम्मीद की राह पर चलते हुए इस अधिवेशन में लायनेस्टीक वर्ष 2024-25 के लिए कुचामन सिटी के लायन श्यामसुंदर मंत्री को प्रांतपाल, अजमेर के लायन रामकिशोर गर्ग को उपप्रांतपाल प्रथम, भीलवाड़ा के निशांत जैन को उपप्रांतपाल के लिए चुना गया। इनका कार्यकाल एक जुलाई 24 से तीस जून 2025 तक का रहेगा। इस अवसर पर पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी के लाडिया ने माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व प्रांतपाल लायन अरविंद शर्मा ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की। इस दौरान पूर्व प्रांतपाल लायन अनिल नाहर, लायन राजेंद्र अग्रवाल, लायन सुधीर सोगानी, लायन ओ एल दवे, लायन आर एल कुणावत, लायन बद्रीविशाल महेश्वरी, लायन सतीश बंसल, लायन दिलीप तोषनीवाल, लायन सुरेश गोयल, लायन अरविंद चतुर, सहित अन्य पदाधिकारी मोजूद थे। नवनिर्वाचित प्रांतपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री, उपप्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग, लायन निशांत जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने अपने विजन सदन के सामने प्रस्तुत किया।

भाजपा ब्यावर विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

ब्यावर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी ब्यावर विधानसभा के सभी 6 मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों की एक बैठक राधा कुंज गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा की अध्यक्षता आयोजित की गई।

बैठक में जिला महामंत्री पवन जैन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन गोयर भाजपा के जिला मंत्री करण सिंह रावत बृज किशोर शर्मा मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल जितेंद्र कावड़िया डूंगर सिंह रावत,कानाराम गुर्जर,राजेश्वरी यादव, भूदेव आर्य, कैप्टन डाऊसिंह,इंदरसिंह बागावास, इत्यादि मंच पर उपस्थित थे। बैठक में राजसमंद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी महिमा कुमारी क़ो रिकॉर्ड मतों से जीतने के लिए रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने कहा कि कांग्रेस के 70 साल के शासनकाल में कांग्रेस ने आजादी के बाद पहला चुनाव और वर्तमान लोकसभा चुनाव भी कांग्रेसी गरीबी हटाओ के नारे पर लड़ रही है, यह कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर हैं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

भाजपा जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी एक है पिछले 10 वर्षों के भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में भाजपा अपने अंत्योदय के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज के अंतिम वंचित व्यक्ति तक सरकार की सुविधा कैसे पहुंचे,इसी उद्देश्य पर काम करते रही है। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन का वितरण किया जा रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का मकान दिया जा चुका है एवं आगामी पांच वर्षों में और तीन करोड़ से अधिक गरीबों को और पक्का घर देने की गारंटी मोदी सरकार ने दीं हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल मे हमारा खोया हुआ आत्मसम्मान पुनः लौटा है। प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण, धारा 370 और महिलाओ को 33 आरक्षण ऐसे विषय हैं। भाजपा के जिला महामंत्री व ब्यावर विधानसभा के चुनाव संयोजक पवन जैन ने कहा कि देश के 51 करोड़ से अधिक लोगो के जनधन खाता खोलकर मोदी सरकार ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा है जिससे देश में भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है।

भाजपा के संकल्प पत्र पर बोलते हुए जैन ने कहा कि मोदी सरकार जो घोषणा करती है उसको पूरा करती है.और संकल्प पत्र में जो मोदी सरकार ने वादे किए हैं उसकी गारंटी भी मोदी सरकार दे रही है। निश्चित रूप से संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की गई है वह मोदी सरकार के शासनकाल में पूर्ण होगी। चेतन गोयर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के शासनकाल में 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया कराया है और आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराया हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासनकाल में भारत वैश्विक नेता के तौर पर उभरा जहां किसी जमाने में भारत को वैश्विक पटल पर निम्न दृष्टि से देखा जाता था।आज भारत विश्व की सुपर पावर बन चुका है। बैठक को नरेश मित्तल डूंगर सिंह रावत जितेंद्र कावड़िया कानाराम गुर्जर करण सिंह रावत बृजकिशोर शर्मा इंदर सिंह बागावास राजेश्वरी यादव कैप्टन डाउसिंह नें भी संबोधित किया। बैठक में सत्येंद्र यादव नवल मुरारकासंतोष जाठात,मुकेश घावरी, परमेश्वर सिंह विजय दगदी, हिमांशु शर्मा,सुरेंद्र चनिया,परमेश्वर सिंह, नरेन्द्रसिंह, भंवर सिंह भाटी धूलाराम मेघवाल तारा सोनी पुष्पा सोनी लीला रावत कंचन रावत. शिखा गुप्ता, ममता वैष्णव इत्यादि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सार-समाचार

बुजुर्ग नंदलाल ने मतदान किया

भीलवाड़ा, (निसं)। संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा के विधान सभा क्षेत्र आसीन्द के ग्राम बड़ला में सोमवार को होम वोटिंग टीम मतदान कराने के लिये 88 वर्षीय नन्दलाल के घर पहुँच कर मतदान कराया तो 88 वर्षीय नन्दलाल चुनाव आयोग पर गर्व करते हुये बोला, बोट नकाबा आळा की जे कल्याण हिज्यो, म्हारो बोट भी गणती में आवेलो। म्हारे बोट सू सरकार बणेली, जे हो लोकतन्त्र की। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र आसीन्द में होम वोटिंग के लिये मतदान दल ग्राम बड़ला निवासी 88 वर्षीय नन्दलाल के घर पहुँचा तो नन्दलाल को अपने घर में टीन के छप्पर के नीचे पोते के साथ बैठा पाया। होम वोटिंग मतदान दल को पहचान कर पोते पिन्टेश ने बताया कि दादा आपने वोट डालणों है। बुजुर्ग श्री नन्दलाल ने कहा आख्या फूटगी-गोडा टूट ग्या. चालणो नी आवे असकूल छेटी घणी कस्यान बोट देबा जाउ। इस पर मतदान दल ने मतदान की प्रक्रिया के बारे में नन्दलाल को समझा कर उसके पोते पिन्टेश की मदद से उससे मतदान कराया। मतदान करने के बाद नन्दलाल ने बताया कि आज मेने बिना किसी परेशानी के सरलता, सहजता. व गोपनीय तरीके से आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार अपने घर पर ही मतदान किया है, इसके लिये भारत निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी व मतदान दल के सभी कार्मिको का धन्यवाद दिया।

सी. आर. चौधरी ने प्रेस वार्ता की

नागौर, (निसं)। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के चुनाव संकल्प पत्र पर प्रेस वार्ता किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी द्वारा की गई सी आर चौधरी साहब ने बताया कि भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र केवल वादों का पिटारा ना होकर आम आदमी के जीवन स्तर को बढ़ाने वाला है जो वादे 2014 में किए थे उनको पूरे किए 2019 में किए थे उनको पूरे किए और अब 2024 का संकल्प पत्र जो कि विकसित भारत और सुरक्षित भारत और समृद्ध भारत और नारी सशक्तिकरण को लेकर माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत से तैयार किया गया है जिस गांव गरीब किसान युवा नारी शक्ति का विकास होगा और भारत विश्व का अग्रणी देश बनेगा आज की प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला नागौर नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा जिला महामंत्री रमेश अपूर्वा पार्षद नवरत्न बोथरा विधि प्रकोष्ठ संयोजक गोविंद प्रकाश सोनी पदम सारस्वत मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर जांगिड़ महामंत्री बजरंग लाल शर्मा प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे।

बाबा साहब की जयंती मनाई

बिजयनगर, (निसं)। सेवा भारती बिजयनगर के बाल संस्कार केन्द्र रामदेव मन्दिर, तारों का खेड़ा पर बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। सेवा भारती अध्यक्ष लक्ष्मण लाल शर्मा ने भारतरत्न अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंबेडकर ने भारत का सविंधान लिखने से पूर्व 60 देशों के सविंधानों का गहन अध्ययन कर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण किया। शोषित एवं वंचित वर्ग के साथ हो रहे भेदभाव,जातिवाद के विरुद्ध आवाज उठाने में वे सदैव अग्रणी रहे। उनका मानना था कि सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय मिलना भी जरूरी है। एक दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अनेकों पुस्तकें भी लिखीं। भैया- बहिनों ने अंबेडकर के संदेश सुनाए व मंत्री सूर्य प्रकाश बघेरवाल एवम प्रकल्प शिक्षिका कोमल बैरवा द्वारा प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पुरस्कार प्रदान किये गये।

वोट बारात का आयोजन

अराई, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में अधिकतम मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सोमवार को पंचायत समिति अराई मुख्यालय पर वोट बारात का आयोजन किया गया। वोट बारात को राजकीय बालिका सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय से विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश भावता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका समापन पंचायत समिति अराई के सभागार में हुआ पंचायत समिति कार्यालय पर वोट बारात पहुंचने पर फूल माला से स्वागत किया गया। वोट बारात में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी संजय तोषनीवाल, प्रधानाचार्य हेमलता शर्मा, दक्ष प्रशिक्षक योगेश कुमार दौलतवाल व राजीविका की महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कवि सम्मेलन आज

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। तिलक मैरिज हॉल में एक शाम राष्ट्र के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। भाजपा जिला मंत्री किशन बंग नें बताया की सांय 7 बजे से आयोज्य कवि सम्मेलन में जयपुर से किशोर पारीक, बारां से कवयित्री शिवांगी सिंह, सिकरवार भीलवाड़ा से प्रहलाद पारीक, जयपुर से अशोक चारण, कोटा से आदित्य जैन, केकडी से कमलेश कुमार आदि कवि देश भक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत करेंगे। समन्वयक लक्ष्मीनारायण सोनगरा के अनुसार कवि सम्मेलन की तैयारियो को लेकर दीपक शर्मा, उमेश गोयल, विपुल चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र सैनी, प्रहलाद कुमावत, पवन जोशी, हरकचंद कुमावत, राकेश सोनी, विनय सिंह चौहान, विशेष कुमावत जुटे हुए है।

पूर्व सी.एम. गहलोत आज अजमेर में

अजमेर, (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को आजाद पार्क में कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के पक्ष में जनसभा करेंगे। गहलोत सुबह 11 बजे जयपुर से हैलीकाप्टर से रवाना होकर करीब 11:30 पर अजमेर घूघरा हेलीपैड पहुंचेंगे, यहां से चौपाइयां वाहन से सभा स्थल पहुंचेंगे। कांग्रेस के नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत की चुनावी जनसभा को सफल बनाने के लिए सोमवार को राजहंस वाटिका जयपुर रोड स्थित कांग्रेस के मुख्य चुनाव कार्यालय पर बैठक आयोजित की।

विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी आज

मसूदा, (निसं)। मसूदा विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि 16 अप्रैल मंगलवार को आवश्यक रखरखाव के कारण प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 /11 केवी जीएसएस शेरगढ़ दोपहर 1 बजे से 3 तक 33/11 केवी जीएसएस लोडियाणा की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी जिससे उक्त जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई उक्त समय के लिए बंद रहेगी।

दरगाह में आई चार साल की बच्ची का अपहरण

- पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश में पकड़कर बच्ची को दस्तयाब किया, तीन युवक हिरासत में

अजमेर, (कासं)। अजमेर दरगाह में परिवार सहित जियारत करने आई 4 साल की मासूम के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को चिह्नित कर यूपी के रामपुर में दबिश देकर बच्ची को दस्तयाब किया है। साथ ही 3 युवकों को हिरासत में लिया है। टीम बच्ची और दोनों युवकों को लेकर यूपी से अजमेर के लिए रवाना हो गई है।

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि शनिवार शाम को पांच बजे के करीब परिवार सहित दरगाह जियारत करने आई 4 साल की मासूम के गायब होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और एडिशनल एसपी के नेतृत्व में दरगाह थाना प्रभारी और साइबर के साथ मिलकर टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टीम को सीसीटीवी बरामद हुआ जिसमें एक आदमी बच्ची को गोद में ले जाता हुआ दिखाई दिया। टीम के द्वारा तुरंत आदमी की पहचान की गई। जिसकी लोकेशन यूपी के रामपुर क्षेत्र में मिली थी। लोकेशन मिलने के बाद टीम को अजमेर से रवाना किया गया। टीम वहां पहुंची और दबिश देकर 4 साल की मासूम को दस्तयाब किया है। इसके साथ 3 युवकों को डिटेन किया गया है। और बच्ची को लेकर पुलिस टीम यूपी से अजमेर के लिए रवाना हो गई है। पुलिस ने मोहम्मद अकील (21), हबीब खान (19) और मोहम्मद आसिफ (27) को पकड़ा है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के आसींद क्षेत्र के रघुनाथपुरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत झालरा गांव स्थित बावड़ी वाले भेरुनाथ मंदिर में सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं 31 कुंडीय महायज्ञ का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ।

अंतिम दिन कलश स्थापना के साथ ही सात मंजिला पक्षी घर का भी हुआ उद्घाटन। सोमवार को आयोजित समापन समारोह में आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री के नेतृत्व में विधि-विधानपूर्वक कलश स्थापना की गई। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में निर्मित सात मंजिला पक्षी घर का भी उद्घाटन किया गया। यह पक्षी घर लगभग 500 पक्षियों को आश्रय दे सकेगा। इसमें दाना-पानी की भी व्यवस्था रहेगी।

महावीर प्रिमियर लीग सम्पन्न

ब्यावर, (निसं)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर जीतो यूथ ब्यावर द्वारा सकल जैन समाज के लिए महावीर प्रीमियर लीग टर्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुरुष सीनियर-पुरुष जूनियर वर्ग में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया ।

चेयरमैन पीयूष रांका ने बताया कि रविवार शाम हुए अंतिम मुकाबलों में पुरुष जूनियर वर्ग में कप्तान समकित मकाणा की टीम रॉयल चैलेंजर्स ब्यावर को हराकर जैनम साँखला की टीम पावर हिटर्स ने खिताब अपने नाम किया। पुरुष सीनियर वर्ग में अंतिम गेंद तक चले मुकाबले में वैभव लोढ़ा की टीम नवकार स्ट्राइकर्स को हराते हुए सनी मूनोत की टीम जैन टाइगर्स विजयी रही। कार्यक्रम के सफल संयोजन हेतु मनीष मेहता, जिनेंद्र श्रीमाल, लविश लोढ़ा को मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया । प्रवीण मकाणा, ने बताया कि इस अवसर पर सकल जैन समाज के प्रबुद्ध नागरिकों जैसे की जीतो ब्यावर चैप्टर चेयरमैन यशवंत जी रांका, वाईस चेयरमैन रतनप्रकाश जी कोठारी, मुख्य सचिव राजेंद्र जी ओसतवाल, प्रवीण मुथा, धर्मेंद्र मेहता, जवरीलाल शिशोदिया, महेंद्र साँखला, प्रकाश चंद मेहता, वीना नाहर, कमलेश बँट,संतोष रांका, मधु मकाणा,रेखा मोदी, अपूर्वा रांका, रक्षा श्रीमाल, रेखा मकाणा आदि की उपस्थिति में जैन प्रतीक चिन्ह के स्टीकर का विमोचन किया गया।

जीतो यूथ ब्यावर द्वारा महावीर प्रीमियर लीग टर्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

आराध्यदेव झूलेलाल की छठी पर धार्मिक आयोजन

- चेटीचण्ड पखवाडे के 16वें दिन

अजमेर, (कासं)। पूज्य झूलेलाल जयन्ती समारोह समिति द्वारा चलाए जा रहे चेटीचण्ड पखवाड़े के 16वें दिन झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर व इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर चांद बावड़ी में आराध्यदेव झूलेलाल की छठीं पर बहिराणा पूजन, छेज, दीपदान व महाआरती के धार्मिक आयोजन किये गये।

श्री झूलेलाल सेवा मंडली झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर - कार्यक्रम संयोजक खुशीराम ईसरानी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के साथ बहिराणा साहिब की पंचमहाजोत पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी, मंदिर अध्यक्ष प्रकाश जेठरा, वैशाली सिंधी सेवा समिति के अध्यक्ष जी.डी. वरिंदानी, महासचिव ईश्वरदास जेसवानी ने प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मशहूर भगत चंद्र रुपाणी एंड पार्टी व होतचंद मोरयानी, पूनम गीतांजलि ने "ही मेलो श्री झूलेलाल जो ही मेलो", "अज त मुहिंजों लाल आहियो" आदि भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को खूब झूमाया।

महाआरती जय प्रकाश मंघाणी, रमेश रायसिंघानी, गोविंदराम कोडवानी, शंकर टिलवानी, गोविंद राम कोडवानी, वासुदेव गिदवानी, नारायण झामनानी, ओम प्रकाश शर्मा, भेरूमल शिवनानी द्वारा की गई।

इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर, आशा गंज - कार्यक्रम संयोजक राम बालवाणी ने बताया कि बाबा गागूमल, सिन्धु समिति अध्यक्ष जयकिशन लख्याणी, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष तुलसी सोनी, भारतीय सिन्धु सभा के महानगर मंत्री महेश टेकचंदाणी, सिन्धु भवन पंचशील के महासचिव मनोज मेंघाणी ने आराध्यदेव झूलेलाल की मूर्ति पर मार्ल्यापण व दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

बाबा साहब की जयंती मनाई

अजमेर, (कासं)। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के पावन अवसर पर कोटड़ा निवासी सुनील जाजोट की अगुवाई सम्पूर्ण वाल्मीकि समाज व दलित समाज की एक विशाल रैली का आयोजन भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रोडवेज बस स्टैण्ड स्थित अम्बेडकर सर्किल पर सम्पन्न हुई। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में विजय खैरालिया, विधायक प्रत्याशी, नेशनल फ्यूचर पार्टी व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के जिलाध्यक्ष अनिल वाल्मीकि मौजूद थे। इस अवसर पर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उसके बाद सुनील जाजोट ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

'सज्जन व्यक्ति ज्ञान व समय का सदा करते सदुपयोग'

बोरावड,(नीसं)। बोरावड़ सत्संग से मनुष्य को संतोष व ईश्वर कृपा की प्राप्ति होती है। परंतु जिनकी वाणी, विचार व व्यवहार में दुष्टता है। ऐसे व्यक्ति का दर्शन नहीं करना चाहिए। परमात्मा से प्रार्थना करें कि किसी ऐसे व्यक्ति का स्वप्न में भी मिलाप ना हो।

यह बात नागौर रोड पर स्थित श्रीधन हीरो इलेक्ट्रिक के पास धनराज कुमावत के निवास पर आयोजित धर्म सभा में रामस्नेही सम्प्रदास की विदुषि अनुयायी ओमादेवी अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि भक्ति का अर्थ खुद को पहचानना है। कलियुग में सच्चाई के साथ भक्ति के मार्ग पर चलकर ही राम की प्राप्ति सम्भव है। उन्होंने समय व काल के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति में जीवन जीने की अवधि समय है और सांसारिक भोग में समय व्यतीत करना काल है। उन्होंने कहा कि संतों के गुणों का आश्रय लेकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। सज्जन सदा ज्ञान, समय, संपत्ति और सत्ता का सदुपयोग करते हैं। इस अवसर पर मंजू सैनी, धनराज कुमावत, राकेश कुमावत, रोहित कुमावत, शरबती देवी, श्रीदेवी, सीमा कुमावत, मनीषा कुमावत, राजूदेवी, रेखा देवी, सन्तोष देवी, प्रेमलता, बुल्यादेवी, निशा देवी, कमला देवी, शकुन्तला, पुष्पादेवी, शशिदेवी, भंवरीदेवी, कौशल्या देवी, कविता, नौरती, चूंका देवी, शान्तिदेवी, सायरी, सुशीला, मींरा देवी, कमला देवी, सन्तरा देवी, शकुन्तला देवी तथा पतासी देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

'अम्बेडकर के विचारों की ज्योति मन में होनी चाहिए'

शाहपुरा, (निसं)। स्थानीय महाविद्यालय की अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की इकाई के तत्वावधान में भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती को समरस्ता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इकाई सहसचिव दिग्विजय सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं ए.बी.आर.एस.एम. (उच्च शिक्षा) के जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्काररराज मीणा ने की। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह ने बताया कि अम्बेडकर अपने आप में एक जीवन्त विचार है जिसे हमें पीढ़ी दर-पीढ़ी आगे बढ़ाना चाहिए। बाबासाहेब के विचारों की ज्योति सभी के मन में होनी चाहिए। महिला एवं दलित उद्धार में बाबासाहेब की महत्ती भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मीणा ने अम्बेडकर के विचारों से अवगत कराकर वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला एवं समरस्ता दिवस पर सभी को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर रामावतार मीना, डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय, सत्यजीत जेटली, डॉ. हंसराज सोनी, प्रियंका ढ़ाका, शंकर लाल चैधरी, प्रो. दलवीर सिंह, प्रो. मुकेश कुमार मीणा एवं सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ए.बी.आर.एस.एम. (उच्च शिक्षा) के जिला प्रचार प्रमुख धर्मनारायण वैष्णव ने किया।

जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त निरीक्षण

मांडलगढ़, (निसं)। लोकसभा आमचुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भय मुक्त करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीगोद के दो मतदान केंद्रों तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, होड़ा के दो मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने त्रिवेणी चैक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया और नाकाबंदी के दौरान वाहनों की चेकिंग के संबध में एसएसटी टीम को दिशा निर्देश दिए।

मांडलगढ़ अस्पताल का निरीक्षण करते जिला अधिकारीगण।

जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने निर्देशित किया कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा निरीक्षण के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर रेम्प, रोशनी, पेयजल, छाया की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने मौजूद आमजन से मतदान दिवस पर मतदान करने की अपील भी की। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस संख्याबल लगाया जाएगा। पुलिस बल के साथ-साथ अधिकाधिक जनसहभागिता हो, ऐसा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भयभीत करने वाले असामाजिक तत्वों के लिए विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर पुलिस की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए।

लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ त्रिवेणी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। मौके पर दोनों अधिकारियों ने नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच प्रक्रिया को देख एसएसटी दल को आवश्यक निर्देश दिए। प्रत्येक वाहन की जांच की जाए और लंबे रूट के लिए वाहनों से आने-जाने वाले सामान के दस्तावेज समुचित रूप से चेक कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। सीएचसी मांडलगढ़ का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से संवाद कर पूछी उनकी कुशलक्षेम, लिया व्यवस्थाओं का फीडबैक जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांडलगढ़ का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने अस्पताल में मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में दिए जा रहे उपचार संबंधी फीडबैक लिया। मरीजों ने बताया कि वह अस्पताल के उपचार से पूर्णतः संतुष्ट है, उन्हें निःशुल्क दवाएं व उपचार मिल रहा है तथा अस्पताल स्टाफ काफी सहयोगी है। जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था, दवा वितरण केंद्र, एक्स रे रूम, प्रयोगशाला कक्ष का जायजा लिया।

अजय शर्मा संयोजक नियुक्त

ब्यावर, (निसं)। श्री हरि विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन के लिए ब्राह्मण समाज की बैठक सेन्दडा रोड, प्रेम नगर स्थित श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के भवन (हरित वाटिका) में आयोजित की गई। ईश वंदना कर हरियाणा ब्राह्मण समाज के मंत्री दीपक गील द्वारा सभी विप्र बंधुओं का स्वागत अभिनंदन किया गया।तत्पश्चात् आयोजन समिति के सदस्य मनोज शर्मा द्वारा गत बैठक की कार्यवाही से अवगत कराया गया और इस वर्ष जन्मोत्सव आयोजन संचालन हेतु मदन दूत द्वारा श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के अजय शर्मा के नाम का प्रस्ताव को हरीशचंद्र शर्मा व दीपक गील ने अनुमोदन किया और सर्वसम्मति से संयोजक नियुक्त किया गया । इस अवसर पर ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त संयोजक अजय शर्मा ने कहा कि समाज ने उन्हें बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी दी है और इस वर्ष के जन्मोत्सव कार्यक्रम ब्राह्मण समाज की मान्यताओं व संस्कारों के अनुरूप ही आयोजित किए जाएँगे। इसी कड़ी में हर वर्ष की भाँति ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर 10 मई शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। संयोजक अजय शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने और आयोजन की भव्यता को मूर्त रूप देने के लिए शीघ्र ही ब्राह्मण समाज के सभी धड़ों की आवश्यक बैठक बुलाई जाएगी।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2023/5986 **आम सूचना** दिनांक : 5.3.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबुत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
209	मन्जू देवी पत्नि भंवरलाल शर्मा	सुभाष नगर, बिजयनगर ख.सं. 511 व 512 भू.सं. 92 (2)	111.48 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/174 **लोक सूचना** दिनांक : 12-4-24

श्री प्रकाश चन्द बैरवा पुत्र ज्वाला प्रसाद बैरवा निवासी भाभियो का खेड़ा बस स्टेण्ड बड़ली तहसील भिनाय जिला केकड़ी (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

|